Allahabad High Court against these orders. The writ petition was dismissed. According *to* the information furnished by it, the Kendriya Hindi Sansthan incurred an expenditure of the order of Rs. 2,00,000/- on defending the petitions/Court cases including those filed by Dr. B. G. Misra, during the period from December, 1987 to October, 1989. On submission of report by Dr. B. G. Misra, regarding problems of Hindi Teaching in North East and suggestions to improve the same, his headquarters were transferred back to Agra on 17th November, 1989.

अर्ध-शिक्षित, अप्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा शिक्षा प्रदान करना

944. **श्री राम नरेश यादव:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 7 मार्च, 1990 के "हिन्दू" में "लिट्रेसी एट दी कास्ट आफ क्वालिटी" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि शिक्षा विभाग के एक कार्यदल ने इस आशय की रिपोर्ट दी है कि देश में बच्चों को अर्ध-शिक्षित और अप्रशिक्षित लोगों द्वारा शिक्षा प्रदान की जा रही है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार को इस संबंध में तथ्य प्राप्त हुए हैं ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो सरकार कब तक इस संबंध में जानकारी प्राप्त कर लेने का विचार रखती है ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री साथ में मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (प्रो० एम० जी० के० मेनन): (क) जी, हां ।

(ख) से (घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना को तैयार करने के सम्बन्ध में गठित शिशु-शिक्षा और प्रारंभिक शिक्षा सम्बन्धी कार्य दल ने अपनी रिपोर्ट में, अन्य बातों के साथ-साथ, पांचवे अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण के अनन्तिम आंकड़ों के आधार पर निम्नलिखित मुद्दों का हवाला दिया है :—

(i) देश में लगभग 12.4% स्कूल शिक्षक अप्रशिक्षित थे ;

(ii) प्राइमरी स्तर पर कार्यरत शिक्षकों में से, लगभग 2.5 लाख (अथवा स्थूल रूप से 13.4%) की मिडिल स्तर अथवा इससे कम स्तर की अर्हता थी । इनमें से लगभग 12.8% भी अप्रशिक्षित थे ।

(iii) मिडिल स्तर पर कार्यरत शिक्षकों में से लगभग 50,000 (अथवा मोटे तौर पर 5.4%) की अर्हता मिडिल अथवा इससे कम थी, और 4.26 लाख (अथवा लगभग 46.3%) की अर्हता हाई स्कूल अथवा इससे कम थी । पहले वर्ग के लगभग 6.4% और बाद के वर्ग के 6.6% अप्रशिक्षित थे ।

(iv) प्राइमरी तथा मिडिल स्तर पर लगभग 36,000 ऐसे शिक्षक थे जिनकी अर्हता मिडिल अथवा इससे कम थी तथा जो अप्रशिक्षित भी थे । इसके अतिरिक्त, मिडिल स्तर पर 24,800 अप्रशिक्षित शिक्षक और थे जिनकी अर्हता हाई-स्कूल थी ।

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद और कोर्ट की बैठक

945. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1989 और 1990 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद और कोर्ट की बैठकें किन-किन तारीखों को हुई ; और

(ख) सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कि इन दोनों निकायों की बैठकें जल्दी जल्दी हों, क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?